# मल्टीप्लेक्स से निकली पत्नी और दोस्त का अपहरण

- देवास में पीटते हुए कार में ले गया
- पुलिस ने आधी रात इंदौर से पकड़ा



**देवास ।** एक युवक ने अपनी पत्नी और उसके दोस्त को पकड़कर पहले मारपीट की, फिर जबरन कार में बैठाकर अगवा कर लिया। घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने कुछ ही घंटों में आरोपियों को ट्रेस कर इंदौर से गिरफ्तार कर लिया। घटना का वीडियो भी सामने आया है।

घटना सोमवार रात कोतवाली थाना क्षेत्र की है। आरोपी पूर्व पति रवि अपने साथी के साथ पहले से घात लगाए बैठा था। जैसे ही महिला अपने मित्र के साथ अभिनव टॉकीज से बाहर निकली, दोनों को रोककर हमला किया गया। मारपीट में महिला के मित्र के सिर में चोट आई।

## इंदौर से पकड़े गए आरोपी

वहां मौजूद एक प्रत्यक्षदर्शी ने तत्काल पुलिस को इस घटना की सूचना दी कि दो युवक एक महिला और एक युवक को जबरदस्ती कार में डालकर ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस ने एक टीम गठित की। देर रात पुलिस ने आरोपियों को एमआईजी थाना क्षेत्र इंदौर से ट्रेस कर गिरफ्तार कर लिया। अपहरण में प्रयोग मारुति कार भी जब्त कर ली गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट, अपहरण और जान से मारने की धमकी सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। अब तक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

### दो गिरफ्तार, तीसरे की तलाश जारी

कोतवाली थाना प्रभारी श्यामचंद्र शर्मा ने बताया कि पीड़ित महिला मूल रूप से इंदौर की रहने वाली है। वह अपने पति रवि से विवाद के चलते अलग रह रही थी और इन दिनों अपने मित्र चिरायु पाठक (भौंरासा निवासी) के यहां ठहरी हुई थी। घटना वाले दिन वह चिरायु पाठक के साथ फिल्म देखने गई थी।

# मप्र सॉफ्ट टेनिस को पुरुष वर्ग में स्वर्णिम सफलता




**देवास।** विश्वामित्र अवार्डी सुदेश सांगते ने बताया कि,अहमदाबाद गुजरात में मार्च 2026 के अंतिम सप्ताह में खेली गई, 6 टी फेडरेशन कप सॉफ्टटेनिस चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश सॉफ्टटेनिस टीम में देवास के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरूष वर्ग के टीम इवेंट्स के फायनल में मेजबान गुजरात को 03 -00 सेट से हराते हुए स्वर्ण पदक जीता।वही महिला वर्ग में मध्यप्रदेश ने सेमीफाइनल में हुए रोमांचक मुकाबले में कड़ा संघर्ष करते हुए परास्त होकर कांस्य पदक जीता।

मध्यप्रदेश टीम के कोच गौरव कदम एवं मैनेजर प्रीति पवार थी। प्रदेश के खिलाड़ियों की इस सफलता पर देवास शाजापुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेन्द्रसिंह सोलंकी, मध्यप्रदेश सॉफ्टटेनिस संघ की अध्यक्ष डॉ आयुषी देशमुख, उपाध्यक्ष डॉ समीरा नईम, सचिव माया सांगते, खेलगुरु राधेश्याम सोलंकी, श्रीकांत उपाध्याय, जिला संघ अध्यक्ष महेश चौहान, हेमेन्द्र निगम काकू, मनीष जायसवाल, क्रीड़ा अधिकारी भारती नेक्या, प्रवीण सांगते,कमल ठाकुर आदि ने बधाई दी।

## एक नजर में

### नवनिर्वाचित एल्डरमैनों का किया स्वागत



**भौरासा ।** लंबे समय से प्रतीक्षारत एल्डरमैनो की नियुक्ति की सूची आखिरकार रविवार को जारी हुई मध्य प्रदेश शासन नगरी विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय भोपाल ने प्रदेश की सभी नगर परिषद में एल्डरमैन नियुक्त किए है सूची में भौंरासा नगर परिषद में चार एल्डरमैन की नियुक्ति की गई है जिसमें विधायक डॉ राजेश सोनकर ,भाजपा जिला अध्यक्ष राय सिंह सेंधव एवं भौरासा मंडल अध्यक्ष श्रीमती टीना अनिल चावड़ा की अनुशंसा पर भौरासा नगर परिषद में, प्रदीप मंत्री, नरबत यादव, मुकेश कुमावत,व मुरारी लाल लोधी, को नगर परिषद का एल्डरमैन नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति पर डॉ रूप सिंह नागर के गृह निवास पर चारों एल्डरमैनो का साफा बांधकर पुष्पमाला पहनाकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा, नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, डॉ रूप सिंह नागर, करण सिंह यादव, सरपंच सुमेर सिंह नागर, मनोहर सिंह कराड़ा, पीर मोहम्मद भाई, नरेंद्र माली, अजब सिंह धाकड़, महेंद्र लोधी, आदि लोगों ने नवनिर्वाचित एल्डरमैनो का स्वागत किया।

### महंगाई के खिलाफ रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन



**भौरासा।** ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में रैली निकाल कर ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में गेहूं 4000 रुपए प्रति कुंटल होना चाहिए गैस सिलेंडर मूल्य वृद्धि एवं अपर्याप्त उपलब्धता,बिजली दरों में अप्रत्याशित वृद्धि एवं पेट्रोल डीजल की कमी के विरोध में आज 11 बजे स्थान छोटे हनुमान चौक भौरासा में कांग्रेसी एकत्रित होकर एक रैली के रूप में भौरासा टप्पा तहसील कार्यालय पहुंचे जहा पर भौरासा टप्पा तहसील कार्यालय में नायब तहसीलदार,हर्षल बेरानी को एक ज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम एक ज्ञापन भौरासा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश चंद्र ईनानी के नेतृत्व में सोपा गया ज्ञापन का वचन पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यादव ने किया वहीं ज्ञापन में वर्तमान समय में भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं अपरिपक्वता के चलते आमजन महंगाई की मार से पहले से ही प्रभावित हैं उस पर मोदी सरकार द्वारा गैस सिलेंडर के मूल्यों में वृद्धि करके एवं राज्य की भाजपा सरकार द्वारा बिजली दरों में बढ़ोतरी करके जनता का जीना कठिन कर दिया है। साथ ही पेट्रोल / डीजल की उपलब्धता भी पर्याप्त मात्रा में नहीं होने से आमजन परेशान है । प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार निर्णय लिया गया है कि 4000 रुपए प्रति कुंटल गेहूं किया जाएं और बिजली दरों में की गई बढ़ोत्तरी, गैस सिलेंडर की मूल्य वृद्धि एवं अनुपलब्धता तथा पेट्रोल/डीजल की कमी के विरोध में एव 1 अप्रैल से गेहूं की तुलाई प्रारंभ की जाए साथ ही सोसायटी ऋण की तारीख 30 अप्रैल तक बढ़ाई जाए जिससे किसान डिफाल्टर होने से बच्चे इन सभी मांगों को लेकर एक ज्ञापन सोपा गया इस अवसर पर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर ,पार्षद भादर सिह भाटिया, पार्षद अफजल मंसूरी, पार्षद गुलरेज मदनी, अर्जुन गुर्जर मिर्जापुर ,मुकेश सोलंकी, जितेंद्र यादव, चांद भाई, पूर्व पार्षद रामेश्वर यादव, दिलीप धाकड़, उमेश धाकड़, अनिल धाकड़ ,अनिल जासवाल, सेल ब्लॉक अध्यक्ष लकी बाबा, जितेंद्र सेंधव, बच्चू भाई मेव, धीरेंद्र ठाकुर ,सोहेल चिश्ती, लीलाधर चौधरी, साबिर सेठ, अरविंद चौधरी, पीरु भाई ठेकेदार, आदि लोग मौजूद रहे।

### किसानों की समस्या को लेकर दिया ज्ञापन



**देवास।** किसान कांग्रेस द्वारा सोमवार को किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक परमार,जिला प्रभारी सदाशिव यादव की उपस्थिति में एवं जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान एवं किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश बरड़ खातेगांव, राहुल पटेल कन्नौद, नारायण कुमावत हरणगांव, नूर खान अजनास के नेतृत्व में सैकड़ो किसानों ने सामुदायिक भवन खातेगांव से रैली के रूप में एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम सौंपा ।

# सुख-समृद्धि और शांति के लिए किया गांव गैर माता पूजन

- गंजपुरा और जलेरिया में करीब 27 साल बाद गांव ग़ैर माता पूजन का आयोजन



**देवास।** जिले के सोनकच्छ क्षेत्र के ग्राम गंजपुरा और जलेरिया में करीब 27 साल बाद गांव ग़ैर माता पूजन का आयोजन हुआ। गांव की सुख शांति समृद्धि के लिए 27 वर्षों के बाद बाद ऐतिहासिक गांव ग़ैर माता पूजन हुआ। माता पूजन पुरी विधि और विधान के द्वारा संपन्न हुई।

माता पूजन का समय सही मुहूर्त में 29 मार्च की रात्रि 12.40 से पूजन प्रारंभ की गई सुबह 5 तक पूजन चला जिसमें सभी ग्रामीण जनों का सहयोग रहा। ग्राम जलेरिया में भक्ति, प्रेम और आस्था का एक अद्भुत वातावरण देखने को मिला, गांव गैर माता पूजन में गांव की एकता और अखंडता के साथ माता शीतला पूजन किया गया। सोमवार को सोनकच्छ क्षेत्र के ग्राम गंजपुरा में पंडित देवेन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में गांव ग़ैर माता पूजन किया गया और जलेरिया में गांव गैर माता पूजन सद्भावना और शांति के साथ संपन्न हुआ। माता पूजन की तैयारी रीति रिवाज के साथ की गई, जहां बड़े बुजुर्ग, पुरुष, महिलाएं नई पोशाक पहन कर मन में आस्था और विश्वास के साथ घर से पूजा की थाली लिए, ओर सिर पर कलश लेकर बैंड बाजा, ढोल, डीजे, के साथ नाचते हुए, शीतला माता मंदिर पहुंचे, ओर पूजा अर्चना की। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि मां अंबिका के आशीर्वाद से गांव गैर माता पूजन शांति के साथ संपन्न हुआ। इन दोनों गांव में रहने वाले परिवारों ने अपने अपने नाते-रिश्तेदारों को बुलाया था, गांव में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे और पूजा अर्चन किया।

## सांदीपनि विद्यालय बालगढ़ में प्रवेश प्रकिया आज से

**देवास।** प्राचार्य शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालगढ़ ने बताया कि शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालगढ़ देवास में प्रवेश प्रक्रिया 01 अप्रैल 2026 से प्रारंभ हो रही है। प्रवेश के लिए आवेदन दिनांक 01 से 07 अप्रैल के मध्य प्राप्त किए जाएंगे। फॉर्म जमा करने की अंतिम दिनांक 10 अप्रैल 2026 रहेगी। प्राचार्य शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालगढ़ देवास ने बताया कि कक्षा पहली तथा कक्षा 6टी एवं 9वीं के लिए प्रवेश आवेदन फॉर्म विद्यालय समय में प्रातः 10 से 01.00 बजे के मध्य प्राप्त किये जा सकेंगे। निर्धारित सीट से अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होने पर प्राथमिक कक्षाओं में लॉटरी सिस्टम से प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न होगी।

## राष्ट्रीय खो-खो स्पर्धा में देवास के खिलाड़ी करेंगे प्रतिनिधित्व



**देवास।** ओड़िसा में आयोजित जूनियर राष्ट्रीय खो खो प्रतियोगिता के लिए इंदौर के हैप्पी वांडर्स खेल मैदान पर राज्य स्तरीय खो खो चयन प्रतियोगिता का आयोजन 22 मार्च को रखा गया जिसमे देवास जिले के विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल एवं अपे स्पोर्ट्स एकेडमी के बालक बालिका ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए बालक वर्ग में देव डोरिया, मनदीप चौधरी, चिराग बोडाना एवम बालिका वर्ग में कनक चौधरी, हिमांशी पांचाल का चयन मध्य भारत टीम के लिए किया गया । ये सभी चयनित खिलाड़ी 30 मार्च से 2 अप्रैल तक ओढिसा के कटक में आयोजित जूनियर राष्ट्रीय खो खो प्रतियोगिता में मध्य भारत टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस मौके पर विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल की प्राचार्य विनीता गौतम एवं डायरेक्टर तन्मय गौतम और स्कूल परिवार के सदस्यों ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

## महावीर जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा का मां चामुंडा सेवा समिति ने किया स्वागत



**देवास।** 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी जी का जन्म कल्याण दिवस महावीर जयंती के उपलक्ष में मंगलवार को श्री महावीर जयंती उत्सव समिति द्वारा नगर के प्रमुख मार्गो से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। प्रमुख मार्गो से होते हुए एमजी रोड पहुंची शोभायात्रा का मां चामुंडा सेवा समिति द्वारा समिति संयोजक रामेश्वर जलोदिया के नेतृत्व में महावीर जयंती उत्सव समिति पदाधिकारीयों विजय जैन, नरेश भंडारी, दिलीप दोषी, मनीष जैन, पारस जैन, शैलेंद्र चौधरी, संजय कटारिया, नितिन जैन, सतीश जैन, अतुल जैन, निर्मल जैन, संतोष जैन, तरुण मेहता सहित शोभायात्रा में शामिल समाजसेवियों, मातृशक्तियों, का मां की चुन्नी ओढ़ाकर, पुष्पवर्षा व पुष्पमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया।

# दूध के भाव में उबाल, आज से 4 रुपए महंगा

- अब 64 रुपए लीटर मिलेगा



**देवास।** 1 अप्रैल से दूध के दाम 4 रू प्रति लीटर बढ़ा दिए गए हैं। अब तक 60 रुपए लीटर मिलने वाला दूध अब 64 रुपए में मिलेगा। देवास दूध संगठनकी बैठक में यह निर्णय लिया गया। देवास में रोजाना करीब 75 से 80 हजार लीटर दूध की खपत होती है।

शहर में दूध का उपयोग केवल पीने के लिए ही नहीं, बल्कि चाय, मिठाई, मावा और अन्य डेयरी उत्पाद बनाने में भी बड़े पैमाने पर होता है। ऐसे में दाम बढ़ने से आम लोगों के साथ व्यापारियों पर भी असर पड़ेगा। दूध के दाम बढ़ने का असर अन्य उत्पादों पर भी दिखाई देगा। दही, पनीर, मक्खन, मावा और चक्का के दाम बढ़ने की संभावना है। इससे बाजार में महंगाई और बढ़ सकती है।शहर में दूध की गुणवत्ता को लेकर पहले से ही सवाल उठते रहे हैं। पिछले दिनों नगर जनहित सुरक्षा समिति ने दूध, पनीर सहित अन्य डेयरी उत्पादों में मिलावट की जांच की मांग की थी। ऐसे में दाम बढ़ने के साथ ही लोग गुणवत्ता को लेकर भी चिंतित हैं।

### प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग

नेशनल यूनिटी ग्रुप के संस्थापक अनिलसिंह ठाकुर ने दूध के दाम बढ़ने पर प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि लगातार बढ़ती कीमतों से आम जनता पर बोझ बढ़ रहा है, इसलिए प्रशासन को इस मामले में कदम उठाना चाहिए। कुल मिलाकर, दूध की कीमतों में यह बढ़ोतरी देवास के उपभोक्ताओं के लिए एक और आर्थिक दबाव लेकर आई है।

### 5 से 5 .50 फैट का मिल रहा दूध

अध्यक्ष राजेश गोस्वामी ने दावा किया है कि शहर में 5 से 5.50 फैट तक का दूध उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराया जा रहा है। किसान भाव बढ़ाने की मांग कर रहे थे। दूध उत्पादन में होने वाले खर्चे में बढ़ोतरी एवं दूध खरीदी के भाव में लगातार हो रही वृद्धि के विषय पर चर्चा कर सर्वसम्मति से 4 रुपए लीटर भाव बढाए गए।

## भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की जिला अध्यक्ष बनने पर बारेला को दी बधाई



**देवास।** देवास जिला भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा की जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर टिकी बारेला को भाजपा कार्यकर्ताओं एवं मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन कार्यकर्ताओं ने बधाई प्रेषित की है। कार्यकर्ताओं के द्वारा सतवास नगर पहुंचकर के जिला अध्यक्ष श्रीमती टिकी बरेला को बधाई प्रेषित की।

बरेला एक दिवासीय प्रवास के दौरान सतवास नगर में भारतीय जनता पार्टी के प्रशिक्षण कार्यशाला में पधारी थी इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने श्रीमती बरेला को बधाई दी। इस अवसर पर अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन राज्य इकाई भोपाल के अध्यक्ष पवन हिंदू, अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन बागली विधानसभा इकाई के अध्यक्ष एवं सरपंच प्रतिनिधि लखन लाल उईकै, पलासी वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व सरपंच मोहाई जागीर जगदीश यादव जिला पदाधिकारी अटल फाउंडेशन रामकिशोर यादव एवं भाजपा कार्यकर्ता श्री राठौर लोहारदा आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

**देवास।** संपूर्ण देश भर में चलाए जा रहे गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत उज्जैन संभाग के देवास जिले के अंतर्गत आने वाले कन्नौद विकासखंड की सतवास तहसीलदार को राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

इसमें मांग की कि गई गो हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगे, गौ हत्यारों को फांसी की सजा का प्रावधान हो, गो माता को राष्ट्र माता का दर्जा मिले, केंद्र में गो मंत्रालय बने एवं गौ माता के लिए केंद्रीय कानून बने चारा चरनोई की भूमि सुरक्षित हो, पंचगव्य उत्पादन का निर्माण देशभर में हो, गो आधारित कृषि सुनिश्चित हो। यह अभियान देश के पूज्य संतों के द्वारा चलाया जा रहा है जो 27 अप्रैल 2026 से जारी होकर 27 जुलाई 2026 तक चलेगा। इस अवसर पर मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन राज्य इकाई भोपाल के अध्यक्ष पवन हिंदू, विधानसभा इकाई बागली के अध्यक्ष लखनलाल उईकै, पलासी जिला पदाधिकारी अटल फाउंडेशन रामकिशोर यादव, भूरा, रोहित गोमलाडू, गोविंद वर्मा उपस्थित रहे।

## वैश्य महासम्मेलन ने किया शोभायात्रा का भव्य स्वागत

**देवास ।** भगवान महावीर स्वामी के 2625 वें जन्म कल्याणक (महावीर जयंती) के पावन अवसर पर देवास में सकल जैन समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। चांदी के रथ पर विराजमान भगवान महावीर स्वामी की शोभायात्रा ने पूरे शहर को भक्ति और अहिंसा के रंग में रंग दिया।

भगवान महावीर स्वामी की भव्य शोभायात्रा का वैश्य महासम्मेलन द्वारा स्वागत कर भगवान महावीर का पूजन किया गया। भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के अवसर पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा का वैश्य महासम्मेलन द्वारा स्वागत किया गया। नोटरी एडवोकेट अमित महेशचंद्र गुप्ता के बड़ा बाजार स्थित निवास पर सकल जैन समाज की शोभायात्रा का वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री अशोक सोमानी के नेतृत्व में पुष्पवर्षा कर अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गौरव खण्डेलवाल, रजनीश पोरवाल, पवन गोयल, महेश चंद्र गुप्ता, मनोज बजाज, गट्टूलाल सोनी , महेंद्र बंसल, राजेश गुप्ता, प्रहलाद माहेश्वरी, अशोक जैन, अंकित जैन, आलोक अग्रवाल, शिव संघवी, दीपक जैन , महेंद्र बाकलीवाल, मंजूबाला जैन , राखी झालानी आदि उपस्थित थे।

**एक नजर** — झूमते नाचते अपूर्व उत्साह के साथ मनाया महावीर स्वामी जन्म कल्याणक

# विश्व शांति का संदेश देते हुए मनाई गई महावीर जयंती




**देवास।** जियो और जिने दो का अमर संदेश देकर दुनिया को अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले जैन जगत के 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामीजी का जन्म कल्याणक दिवस महावीर जयंती आज देवास नगर के समग्र जैन समाज द्वारा अपूर्व उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

इसके चलते संपूर्ण नगर महावीरमय बन गया। विश्व के वर्तमान हिंसात्मक वातावरण का समाधान महावीर के अहिंसा एवं मैत्री सिद्धांत द्वारा ही हो सकता है। इसी उद्देश्य वर्तमान को वर्धमान की आवश्यकता है को प्रदर्शित करते हुए निकली झांकी की सर्वत्र प्रशंसा हुई एवं आकर्षण का केन्द्र बनी। महावीर प्रभु के जन्मोत्सव की खुशियां मनाते हुए श्रद्धालु नौजवान झूमते- नाचते चल रहे थे। चांदी के सुसज्जित रथों में बैठकर जब भगवान महावीर स्वामी नगर भ्रमण पर विशाल शोभा-यात्रा के साथ निकले तो श्रीफल एवं अक्षत से अपने प्यारे प्रभु की अगवानी के लिये श्रद्धालु दौडे चले आये। शोभा यात्रा मार्ग में महावीर स्थानकवासी संघ ने प्रभु महावीर के जीवन चरित्र पर नयनाभिराम जीवंत झांकी की सराहनीय प्रस्तुति दी। इस अवसर पर शोभायात्रा का मार्ग में अनेक धार्मिक, सामाजिक एवं राजनैतिक संस्थाओं ने स्वागत किया। आयोजन में समिति के अध्यक्ष विजय जैन, महासचिव शैलेन्द्र चौधरी, भरत चौधरी, सचिव संजय कटारिया एवं पदाधिकारी अतुल जैन, मनीष जैन कायथावाला, मुकेश चौधरी, विशाल जैन , नितिन जैन मानव, पारस जैन, सुनील जैन घोटू, रिंकेश जैन, प्रदीप जैन तुमसरवाला, पारस जैन इटावा, निलेश जैन, सतीश जैन, ने सहयोग प्रदान किया।